| | |
|---|---|
| हंकड़ान देना | बहुत जोर-जोर से और अनेक बार हंकड़ना। |
| हंकड़ान मरना | बहुत जोर-जोर से और अनेक बार हंकड़ना। |
| हंकड़ान मारना | बहुत जोर-जोर से और अनेक बार हंकड़ना। |
| हंका देना | ललकारना। पुकारना। |
| हंका मारना | ललकारना। पुकारना। |
| हंकार देना | पुकारना। |
| हंकार पड़ना | बुलाने के लिए आवाज लगाना। पुकार होना। |
| हंटर जमाना | हंटर मारना। |
| हंटर लगाना | हंटर मारना। |
| हंड़िया चढ़ाना | भोजन पकाने के लिए हांड़ी में पानी रखकर आंच पर रखना। |
| हंड़िया दागना | भोजन बनाना। |
| हंफनि मिटाना | दम लेना। दम मारना। सुस्ताना। थकावट दूर करना। उ०- बात कहिबे में नंदलाल की उताल कहा, हाल तौ हरिन नैनी हंफनि मिटाय लै। शिव । |
| हंस उड़ जाना | शरीर से प्राण निकल जाना। उ०- कांचे बासन टिकै न पानी। उड़िगौ हंस काया कुम्हिलानी। कबीर । |
| हंस देना | हंसने लगना। |
| हंस पड़ना | हंस देना। |
| हंस बोलकर बसर करना | प्रसन्नतापूर्वक जीवन निर्वाह करना। |
| हंस बोल लेना | प्रसन्नतापूर्वक वार्तालाप करना। हंसी-खुशी से बातचीत करना। |
| हंसकर बात उड़ाना | किसी बात को अनावश्यक समझकर उस पर ध्यान न देना। तुच्छ या साधारण समझकर बात विनोद में टाल देना। |

| | |
|---|---|
| हंसता चेहरा | प्रसन्न मुख। ऐसा चेहरा जिससे प्रसन्नता का भाव टपकता हो। |
| हंसता मुंह | प्रसन्नमुख। ऐसा चेहरा जिससे प्रसन्नता झलकती हो। |
| हंसते-बोलते | मजाक करते-करते। दिल्लगी से। |
| हंसते-हंसते | हंस हंसकर। बहुत हंसते हुए। प्रसन्नता से। |
| हंसते-हंसते पेट मे बल पड़ जाना | अधिक हंसने के कारण पेट मे एक प्रकार की ऐंठन होने लगना। |
| हंसते-हंसते लोट जाना | बहुत हंसते हुए लोटपोट होने लगना। |
| हंसते हुए | प्रसन्नता से। |
| हंसना-खेलना | प्रसन्नता और आमोद-प्रमोद की बातचीत करना। |
| हंसना-बोलना | प्रसन्नता और आमोद-प्रमोद की बातचीत करना। मजाक करना। |
| हंसा मारना | बहुत हंसाना। |
| हंसी उड़ना | किसी का मजाक होना। किसी का बनाया जाना। |
| हंसी उड़ाना | किसी को बनाना। किसी की भद्द करना। व्यंग्यपूर्ण निंदा करना। उपहास करना। चतुराई की उक्ति द्वारा अनादर प्रकट करना। ~~परिहास की बात कहकर टाल देना।~~ |
| हंसी खेल समझना | साधारण बात समझना। आसान बात समझना। कठिन न समझना। |
| हंसी छुटना | ~~ए~~ तेजी से हंसी आना। |
| हंसी जब्त कर लेना | हंसी रोक लेना। |
| हंसी मानना | मामूली या आसान काम अथवा बात समझना। |
| हंसी मे उड़ जाना | किसी काम का मजाक या दिल्लगी मे टल जाना। |
| हंसी मे उड़ना | किसी काम का मजाक या दिल्लगी मे ठ टल जाना। |

| | |
|---|---|
| हंसी में उड़ा देना | किसी काम को दिल्लगी में टाल देना। |
| हंसी में खांसी | दिल्लगी की बातचीत होते-होते झगड़ा या मारपीट की नौबत आना। |
| हंसी में टालना | किसी बुरी बात को गम्भीरतापूर्वक ग्रहण न करना। किसी की बुरे चाल पर ध्यान न देकर हंस कर सह लेना। |
| हंसी में फूल झड़ना | किसी का हंसना अच्छा लगना। |
| हंसी में ले जाना | किसी बात को मजाक समझना। किसी बात का ऐसा अर्थ समझना मानो वह ध्यान देने की नहीं है, केवल मन बहलाव की। |
| हंसी में ले लेना | किसी बात को गम्भीरतापूर्वक ग्रहण न करना। |
| हंसी समझना | आसान बात या काम मानना। ध्यान न देना। परवाह न करना। |
| हंसी सूझना | हास्य, विनोद, मजाक करने की प्रवृत्ति होना। |
| ~~(किसी चीज का)~~ हक़ अदा करना | वह बात करना जो न्याय, नीति आदि की दृष्टि से करणीय हो। कर्तव्यपालन करना। |
| हक़ को पहुंचना | न्याय पाना। सत्य को पा लेना। |
| हक़ दबना | उस वस्तु या बात से वंचित होना जिसका न्याय से अधिकार प्राप्त हो। स्वत्व की हानि होना। |
| हक़ दबाना | किसी को उस वस्तु या बात से वंचित रखना जिसका उसे अधिकार प्राप्त हो। |
| हक़ पर लड़ना | अपने न्याययुक्त अधिकार के लिए प्रयत्न करना। स्वत्व रक्षा के हेतु प्रयत्न करना। |
| हक़ पर होना | न्याय पक्ष का अवलम्बन करना। उचित बात का आग्रह करना। |
| हक़ मारना | नेग आदि न देना। |

हक़

| | |
|---|---|
| हक़ मारा जाना | उस वस्तु या बात से वंचित होना जिसका न्याय से अधिकार प्राप्त हो।स्वत्व की हानि होना। |
| (किसी के)हक़ में | हित के लिए।लाभ की दृष्टि से।पक्ष में।विषय में। |
| (किसी के)हक़ में कांटे बोना | बुराई करना। |
| हक़ साबित करना | स्वत्व प्रमाणित करना। |
| हक़ारत की नज़र से देखना | तुच्छ समझना।हेय मानना। |
| हक़ीक़त खुल जाना | असलीयत जाहिर हो जाना।सत्य का प्रकट हो जाना। |
| हक़ीक़त खुलना | असल बात का पता लग जाना।ठीक ठीक बात मालूम हो जाना। |
| हक़ीक़त में | वास्तव में।सचमुच। |
| हकूमत चलाना | प्रभुत्व या अधिकार जताना या उससे काम चलना। |
| हकूमत जताना | अधिकार या प्रभुत्व दिखाना। |
| हग मारना | मल का वेग सम्भाल न सकने के कारण तुरन्त उसे त्याग देना।बहुत डर जाना।कोई वस्तु बहुत गंदी कर देना। |
| हगनहटी मचाना | बार-बार शौच जाना। |
| हगा मारना | बहुत थका देना।परेशान करना। |
| हगा लेना | जबरदस्ती वसूल करना या लेना। |
| हगास लगना | शौच मालूम पड़ना। |
| हचक खाना | झटका लगना। |
| हचक देना | जोर से मारना। |
| हजम कर जाना | पचाना।गबन कर लेना।माल मारना। |
| हजम करना | पचाना।गबन कर लेना।माल मारना। |
| हजम होना | बेईमानी से ली हुई वस्तु का अपने पास रहना।पचना।गबन का प्रकट न होना। |

| | |
|---|---|
| हजामत बढ़ना | बालों का बढ़ना। |
| हजामत बनाना | दाढ़ी बनाना या बाल काटना। लूटना। धन हरण करना दण्ड देना। मारना-पीटना। |
| हजामत होना | किसी के धन का धोखा देकर हरण होना। लुट होना। दण्ड पड़ना। मार पड़ना। |
| हज़ार जान से | बड़े शौक से। |
| हज़ार में | बहुत लोगों के सामने। |
| हजारों घड़े पानी पड़ जाना | बहुत लज्जित होना। |
| हजारों में | बहुतों में। खुल्लमखुल्ला। |
| हटक मानना | मना करने पर किसी काम को न करना। निषेध का पालन करना। उ०- बंसी धुनि मृदु कान परत ही गुरुजन-हटक न मानति। सूर । |
| हटकर खड़ | चल दूर हो (अत्यन्त अवज्ञा)। जबरदस्ती। बिना कारण। |
| हटना-बढ़ना | चुपके से भाग जाना। खिसक जाना। इधर-उधर होना। |
| हठ कर | बलात्। जबरदस्ती। किसी का कहना न मानकर। उ०- सुनि हठि चला महा अभिमानी। तुलसी । |
| हठ करना | हठ ठानना। |
| हठ पकड़ना | किसी बात के लिए अड़ जाना। दुराग्रह करना। आग्रह या जिद करना। |
| हठ बांधना | हठ पकड़ना। |
| हठ मांड़ना | हठ ठानना। उ०- क्यों हठ मांड़ि रही री सजनी। टेरत श्याम सुजाना। सूर । हठ करना। |
| हठ में पड़ना | किसी के दृढ़ संकल्प का शिकार होना। हठ करना। उ०- मन हठ परा न मान सिखाना। तुलसी । |
| हठ रखना | किसी के हठ को पूरा करना या मान लेना। जिद पूरी करना। उ०- हठ राखे नहिं राखे प्राना। रामा० । |

| | |
|---|---|
| हठ रोपना | हठ मांड़ना। |
| हड़कंप मचाना | आतंक फैलना। |
| हड़प करना | गायब करना।बेईमानी से ले लेना।अनुचित रीति से अधिकार कर लेना। |
| (पेट में)हड़बड़ाहट पड़ना | बहुत घबड़ाना। |
| हड़बड़ी पड़ना | किसी काम के लिए जल्दी होना।घड़बड़ाहट होना। |
| हड़बड़ी में पड़ना | ऐसी स्थिति में पड़ना जिसमें काम बहुत जल्दी-जल्दी करना पड़े।उतावली की दशा में होना। |
| हड़बड़ी सवार होना | किसी काम को जल्दी करने की धुन होना। |
| हड़ा हड़ा करना | बोलकर चिड़िया उड़ाना। |
| हड्डी उखड़ना | हड्डियों का जोड़ खुल जाना। |
| हड्डी का जोड़ खुलना | हड्डी उखड़ना। |
| हड्डी गढ़ना | खूब मारना।खूब पीटना। |
| हड्डी चूसना | अशक्त व्यक्ति से जबरदस्ती लेना,काम कराना। |
| हड्डी तोड़ना | खूब मारना। |
| हड्डी बोलना | हड्डी टूटना। |
| हड्डी से हड्डी बजाना | लड़ना।लड़ाई-झगड़ा करना। |
| हड्डियां दिखाई पड़ना | इतना दुबला हो जाना कि हड्डियां दिखाई देने लगें। |
| हड्डियां निकल आना | इतना दुबला हो जाना कि हड्डियां दिखाई पड़ने लगें। |
| हत्थे चढ़ना | हाथ में आना।अधिकार में आना।प्राप्त होना।वश में आना।प्रभाव के भीतर आना।अनजाने अपने विरोधी के पंजे में आ जाना। |
| हत्थे लगना | हाथ में आना।मिलना। |
| हत्या टलना | झंझट दूर होना। |

| | |
|---|---|
| हत्या पल्ले बांधना | झगड़े से सम्बन्ध स्थापित करना। |
| हत्या मोल लेना | हत्या पल्ले बांधना। |
| हत्या लगना | हत्या का पाप लगना। किसी के बध का दोष ऊपर आना। |
| हत्या लेना | पाप का भागी होना। |
| हत्या सवार होना | मुखाकृति आदि से हत्या की प्रवृत्ति प्रकट होना। खून चढ़ना। |
| हत्या सिर मढ़ना | अपराधी ठहराना। लड़ाई-झगड़े का काम सौंपना। |
| हत्या सिर लगाना | अपराधी ठहराना। लड़ाई-झगड़े का काम सौंपना। बखेड़े का का काम देना। झंझट लादना। |
| हथकंडा चलना | चालबाजी कारगर होना। |
| हथकंडा दिखाना | हाथ की सफाई का प्रदर्शन करना। चालबाजी की कला दिखाना। |
| हथकंडा लगना | चालबाजी कारगर होना। |
| हथकड़ी डालना | हथकड़ी पहनाना। दोषी करार देना। |
| हथकड़ी पड़ना | अपराधी माना जाना। दोषी ठहराया जाना। |
| हथियार उठाना | मारने के लिए वस्त्र हाथ में लेना। लड़ाई के लिए तैयार होना। |
| हथियार करना | हथियार चलाना। |
| हथियार डालना | लड़ाई बंद करना। |
| हथियार बांधना | वस्त्र-शस्त्र से सज्जित होना। |
| हथियार लगाना | वस्त्र-शस्त्र से सज्जित होना। |
| हथियार संभालना | मारने के लिए अस्त्र हाथ में लेना। लड़ाई के लिए तैयार होना। |
| हथेली का फफोला | अत्यन्त सुकुमार वस्तु। बहुत नाजुक चीज, जिसके टूटने का सदा डर हो। |

| | |
|---|---|
| हथेली खुजलाना | द्रव्य मिलने का आगम सूचित होना।कुछ मिलने का शकुन होना। |
| हथेली देना | हाथ का सहारा देना।सहायता करना।मदद करके सम्भालना। |
| हथेली पर जान रखना | जान देने के लिए तैयार रहना। |
| हथेली पर जान लेकर कोई काम करना | जान-जोखिम मै डालकर कोई काम करना। |
| हथेली पर जान लेना | जान देने के लिए तैयार रहना। |
| हथेली पर जान होना | जान-जोखिम मै होना। |
| हथेली पर दही जमाना | कोई काम कराने के लिए जल्दी मचाना। |
| हथेली पर बाल जमना | किसी मै साहस,शक्ति का आना। |
| हथेली पर सर रखना | जान देने के लिए तैयार रहना। |
| हथेली पर सर लेना | जान देने के लिए तैयार रहना। |
| हथेली पर सरसों जमाना | कोई कठिन काम फुर्ती से करना। |
| हथेली पीटना | ताली बजाना। |
| हथेली बजाना | ताली बजाना। |
| हथेली मै आना | हाथ मै आना।अधिकार मै आना।प्राप्त होना।वश मै होना।मिलना। |
| हथेली मै करना | अपने अधिकार मै करना।ले लेना। |
| हथेली लगाना | हाथ का सहारा देना। |
| हथेली सा | विल्कुल चौरस या सपाट।समतल। |
| हथौटी जमना | हाथ खूब सध जाना।काम करने का कौशल प्राप्त होना। |
| हथौटी मंजना | हाथ खूब सध जाना।काम करने का कौशल प्राप्त होना। |

| | |
|---|---|
| हथौटी सधना | हाथ खूब सध जाना।काम करने का कौशल प्राप्त होना। |
| हद कर देना | अति कर देना।औचित्य की सीमा लांघ जाना। |
| हद करना | अति कर देना।औचित्य की सीमा लांघ जाना। |
| हद कायम करना | सीमा निर्धारित होना। |
| हद तोड़ना | सीमा के बाहर जाना या कुछ करना।सीमा तक का अतिक्रमण करना। |
| हद बंधना | सीमा निर्धारित होना। |
| हद बांधना | सीमा निर्धारित करना। |
| हद व हिसाब नहीं | बहुत ही ज्यादा।अत्यन्त।अपार। |
| हद से गुजरना | मर्यादा का अतिक्रमण करना।अति हो जाना।सीमा के पार हो जाना। |
| हद से ज्यादा | अत्यधिक। |
| हद से बाहर | निर्धारित सीमा के बाहर। |
| हदीस समझना | बिल्कुल सच समझना।प्रमाण मानना। |
| हदे समाअत हो जाना | सुनवाई की अवधि बीत जाना।तमादी हो जाना। |
| (कोई)हदो हिसाब न होना | अत्यधिक हो जाना। |
| हप कर जाना | मुंह मे डालकर झट से निगल जाना।तुरन्त चट कर जाना।उड़ा जाना। |
| हप करना | मुंह मे डालकर झट से निगल जाना।तुरन्त चट कर जाना।उड़ा जाना। |
| हप्पा देना | खिलाना।घूस देना। |
| हमराह करना | साथ मे करना।संग मे लगाना। |
| हमराह होना | साथ जाना। |

| | |
|---|---|
| हमल गिराना | गर्भपात करना। |
| हमाहमी करना | स्वार्थपरायण होना। स्वार्थी होना। अपने अहंकार की तुष्टि के लिए यत्न करना। अपनी बात जबरदस्ती मनवाने का प्रयत्न करना। |
| हमेव टूटना | गर्व चूर्ण होना। शेखी निकल जाना। |
| हमेशा के लिए सब दिन के लिए | |
| हर किसी | प्रत्येक मनुष्य। सर्वसाधारण। |
| हर कोई | प्रत्येक मनुष्य। सर्वसाधारण। |
| हर दम | प्रति क्षण। सदा। |
| हर बार | प्रत्येक अवसर पर। |
| हर रोज | प्रति दिन। नित्य। |
| हर हाल में | प्रत्येक दशा में। |
| हरकत करना | हिलना। चलना। प्रस्थान करना। |
| हरकत देना | जेर, जबर, पेश लगाना। |
| हरताल फेरना | किसी बने काम को बिगाड़ देना, नष्ट करना। |
| हरताल लगाना | किसी बने काम को बिगाड़ देना, नष्ट करना। किया न किया बराबर करना। |
| हरबे हथियार से लैस होना | शस्त्र सन्नद्ध हो जाना। |
| हरा करना | आनन्दित, हर्षित, प्रसन्न करना। |
| हरा दिखाई पड़ना | सुख, आशा आदि की व्यर्थ कल्पना, अपने अज्ञान के कारण झूठी आशा बांधना। |
| हरा बाग दिखाई पड़ना । सूझना | सुख, आशा आदि की व्यर्थ कल्पना, अपने अज्ञान के कारण झूठी आशा बांधना। |
| हरा सूझना | सुख, आशा आदि की व्यर्थ कल्पना, अपने अज्ञान के कारण झूठी आशा बांधना। |

...ना उड़ाना — अफवाह छोड़ना। अफवाह फैलाना। झूठी बात का प्रचार करना। किंवदन्ती उड़ाना।

| | |
|---|---|
| हराई फांदना | जुताई या कुंड़ शुरू करना। |
| हराम कर देना | कठिन,दु:खद बना देना। |
| हराम करना | किसी बात का करना मुश्किल कर देना।ऐसा करना कि कोई काम आराम से न कर सके। |
| हराम का | जो बेईमानी से प्राप्त हो।जो पाप या अधर्म से कमाया गया हो।मुफ्त का। |
| हराम का खाना | बिना मेहनत किये खाना।मुफ्तखोरी करना। |
| हराम का जना | हरामजादा। |
| हराम का पिल्ला | दोगला।दुष्ट। |
| हराम का पेट | व्यभिचार से रह जानेवाला गर्भ। |
| हराम का माल | अधर्म से कमाया हुआ धन।मुफ्त का माल। |
| हराम की कमाई | अधर्म से कमाया हुआ पैसा। |
| हराम की मौत मरना | आत्मघात करना। |
| हराम होना | कठिन,दु:खद होना।त्याज्य होना। [किसी बात का मुश्किल हो जाना।] |
| हरियाली सूझना | चारों ओर आनन्द ही आनन्द दिखाई पड़ना।मौज की बातों की ओर ही ध्यान रखना।आनन्द में मग्न रहना।कठिन अवसर में भी उमंग,प्रसन्नता दूर की असम्भव बातें सूझना। |
| हर्फ आना | दोष लगना। |
| हर्फ उठाना | अक्षर पहचान कर पढ़ लेना। |
| हर्फ पकड़ना | गलती पकड़ना।ठ टोकना। |
| हर्फ बनाना | सुन्दर अक्षर लिखना।अक्षर लिखने का अभ्यास करना।किसी दस्तावेज में जाल के लिए फेरफार करना। |
| हर्फ बैठाना | छापे के अक्षर क्रम से रखना।टाइप जमाना। |

| | |
|---|---|
| हर्फ लाना | दोष देना। लांछित करना। |
| हल करना | सुलझाना। घोटना। पीसकर मिलाना। सवाल का जवाब निकालना। पहेली बूझना। |
| हल जोतना | खेत में हल चलाना। खेती करना। गंवारों का सा काम करना। |
| हलक़ के नीचे उतरना | पेट में जाना। (किसी बात का) मन में बैठना। |
| हलक़ पर छुरी फेरना | भारी अहित, अन्याय करना। गला काटना। |
| हलक़ में उंगली देकर (माल) निकालना | बड़ी छान-बीन और कड़ाई के साथ किसी हज़म की हुई वस्तु को प्राप्त करना। |
| हलक़ से उतरना | गले से उतरना। मन में बैठना। |
| हलका करना | अपमानित करना। तुच्छ ठहराना। लोगों की दृष्टि में कम करना। |
| हलका पड़ना | एक वस्तु, व्यक्ति का दूसरी वस्तु, व्यक्ति की समानता में नीचा, कमजोर, अनुपयुक्त आदि होना। |
| हलका पहरा | अच्छा पहरा। |
| हलका बनना | अप्रतिष्ठित बनना। ओछा समझा जाना। |
| हलका भारी बोलना | खोटे वचन कहना। खरी खोटी सुनाना। बुरे शब्द मुंह से निकालना। |
| हलका भारी होना | ऊबना। भार अनुभव करना। बोझ सा समझना। अपने को तुच्छ बनाना। |
| हलका सोना | हलका सुनहरा रंग। |
| हलका होना | अप्रतिष्ठित होना। ओछा समझा जाना। |
| हलकी बात | ओछी या तुच्छ बात। बुरी बात। |
| हलके हलके | धीरे धीरे। मंद गति से। आहिस्ता आहिस्ता। |
| हलके होना | ओछा या तुच्छ समझा जाना। प्रतिष्ठा खोना। बुरा समझा जाना। |

| | |
|---|---|
| हलचल डालना | उथल-पुथल मचाना। अराजकता, अव्यवस्था उत्पन्न करना। |
| हलचल पड़ना | उपद्रव, अराजकता का होना। |
| हलचल मचना | उपद्रव, अराजकता का होना। |
| हलचल मचाना | उथल-पुथल मचाना। अराजकता, अव्यवस्था उत्पन्न करना। |
| हलदी उठना | विवाह के दिन पूर्व दूल्हे और दुलहन के शरीर में हलदी और तेल लगाने की रस्म होना। |
| हलदी का हाथ होना | विवाह होना। |
| हलदी चढ़ना | विवाह के तीन या पांच दिन पूर्व दूल्हे और दुलहन के शरीर में हलदी और तेल लगाने की रस्म होना। |
| हलदी लगना | विवाह होना। |
| हलदी लगाकर बैठना | कोई काम धाम न करना। घमंड में फूला रहना। अपने को बहुत लगाना। |
| हलदी लगे न फिटकरी | बिना कुछ खर्च या परिश्रम किये हुए। मुफ्त में। |
| हलफ उठवाना | शपथ खिलाना। शपथ खाने को कहना। |
| हलफ उठाना | शपथपूर्वक कहना। ईश्वर को साक्षी देकर कहना। |
| हलफ देना | शपथ खिलाना। शपथ खाने को कहना। |
| हलफ लेना | शपथपूर्वक कहना। ईश्वर को साक्षी देकर कहना। |
| हलफा चलना | बहुत तेज सांस चलना। |
| हलफा मारना | लहरें लेना। लहराना। ऊंची-ऊंची तरंगों का पछाड़ खाना। |
| हलवा निकल जाना | कचूमर निकल जाना। गति बन जाना। |
| हलवा निकाल देना | बहुत पीटना। खूब मारना। पीटकर गत बना देना। |

| | |
|---|---|
| (अपने)हलवे मांडे से काम होना | केवल स्वार्थसाधन से ही प्रयोजन।अपने लाभ ही से मतलब,दूसरे के हानि-लाभ की परवाह न करना। |
| हलाक करना | मार डालना।वध करना। |
| हलाक होना | मरना।तबाह होना। |
| हलाल करके खाना | मेहनत करके,बदले में पूरा काम करके खाना। |
| हलाल करना | ईमानदारी के साथ व्यवहार करना।बदले में पूरा करना।जबह करना।मार डालना।स्वकर्तव्य का पालन करना। |
| हलाल का | ईमानदारी से पाया हुआ। |
| हल्ला बोलना | ललकारकर धावा करना। |
| हल्ला मचना | शोर होना। |
| हल्ला मचाना | शोर करना। |
| हलीसा तानना | डांड़ चलाना। |
| हवस उड़ा देना | लालसा,इच्छा छोड़ देना। |
| हवस निकलना | हौसला पूरा होना। |
| हवस निकालना | हौसला पूरी करना। |
| हवस पकाना | व्यर्थ कामना करना।केवल मन में ही किसी कामना की पूर्ति का अनुमान किया करना।मनमोदक खाना। |
| हवस पूरी करना | इच्छा पूर्ण करना। |
| हवस पूरी होना | इच्छा पूर्ण होना। |
| हवस बुफना | उमंग शांत होना। |
| हवा उखड़ना | नाम न रह जाना।प्रसिद्धि न रह जाना।बाजार में साख न रह जाना। |
| हवा उड़ना | खबर फैलना।बात फैलना या प्रसिद्ध होना।अफवाह फैलना। |
| हवा उड़ाना | अधोवायु छोड़ना।अफवाह फैलाना।झूठी बात का प्रचार करना।किंवदन्ती उड़ाना। |

| | |
|---|---|
| हवा करना | पंखा झलना।गायब करना।उड़ा लेना। |
| हवा का कारखाना | साख पर चलनेवाला काम। |
| हवा का गुजर न होना | किसी की रसाई न होना। |
| हवा का रूख जानना | परिस्थिति समझना। |
| हवा का रूख देखना | जमाने का हाल समझकर काम करना। |
| हवा का रूख बताना | परिस्थिति का आभास पहले ही दे देना।परिस्थि का ज्ञान कराना। |
| हवा के घोड़े पर आना | बहुत तेज आना। |
| हवा के घोड़े पर सवार होना | बहुत उतावली होना।बहुत जल्दी मे होना।किसी प्रकार के नशे या गहरी उमंग मे होना। |
| हवा के बबूले फोड़ना | ख्याली पुलाव पकाना। |
| हवा के मुंह पर जाना | जमाने के मुताबिक चलना। |
| हवा के रूख जाना | समय के अनुसार चलना। |
| हवा खाना | शुद्ध वायु का सेवन करना।टहलना।प्रयोजन सिद्धि तक न पहुंचना।अकृतकार्य होना।वंचित होना।कहीं जाना।असफल रहना। |
| (कहीं की)हवा खिलाना | कहीं भेजना। |
| हवा खिलाना | किसी को असफल बनाना।बहकाना।चकमा देना। |
| हवा गरम होना | हवा मे गरमी होना।गरमबाजारी होना। |
| हवा गांठ मे बांधना | असम्भव बात के लिए प्रयत्न करना।अनहोनी बात के पीछे हैरान होना। |
| हवा गिरना | हवा थमना।तेज हवा का मंद हो जाना। |
| हवा छोड़ना | अपानवायु छोड़ना। |
| हवा देखना | जमाने की हालत समझना। |

| | |
|---|---|
| हवा देना | मुंह से हवा छोड़कर दहकाना। फूंकना। बाहर हवा में रखना। झगड़ा बढ़ाना। हवा करना। कबूतरों को उड़ाना। |
| हवा पकड़ना | पाल में हवा भरना। पाल का हवा ग्रहण करना। |
| हवा पर गिरह लगाना | चालाकी करना। |
| हवा पलटना | हवा का रूख बदलना। दशांतर होना। कोई नयी स्थिति या अवस्था होना। हालत बदलना। |
| हवा पीकर रहना | निराहार रहना (व्यंग्य)। |
| हवा पीटना | व्यर्थ ही कोई काम करना। ऐसा कोई काम करना जिसका कोई परिणाम न हो। |
| हवा फांककर रहना | निराहार रहना (व्यंग्य)। |
| हवा फिरना | हवा का रूख बदलना। दशांतर होना। कोई नयी स्थिति या अवस्था होना। हालत बदलना। |
| हवा फेंकना | किसी वस्तु से तेजी से साथ हवा का बाहर निकलना। |
| हवा बंदी करना | झूठी बातें मशहूर करना। ख्याली पुलाव पकाना। |
| हवा बंधना | अच्छा नाम हो जाना। लोगों के बीच प्रसिद्धि हो जाना। कीर्ति या यश फैलना। बाजार में साख होना। हवा का रूक जाना। |
| हवा बताना | किसी वस्तु से वंचित रखना। टाल-मटोल करना। किसी के मनोरंजन या उद्देश्य की सिद्धि में बाधक होकर उसे दूर हटाना। |
| हवा बदलना | दूसरी ओर की हवा चलने लगना। दशांतर होना। कोई नयी स्थिति या अवस्था होना। हालत बदलना। |
| हवा बांधकर जाना | हवा की उल्टी ओर नाव खेना। |

रहना।

| | |
|---|---|
| हवा बांधना | लम्बी चौड़ी बातें कहना। बढ़ बढ़कर बोलना। गप हांकना। नाम करना। धाक जमाना। डींग मारना। |
| हवा बिगड़ना | रीति या चाल बिगड़ना। बुरे विचार फैलना। सारी परिस्थिति खराब होना। पहली की सभी मर्यादा या धाक न रह जाना। वायु मंडल का दूषित होना। |
| हवा भर जाना | सिर फिरना। उन्माद होना। बुद्धि ठीक न रहना। खुशी या घमंड से फूल जाना। |
| हवा मुट्ठी मैं बांधना | असम्भव काम के लिए प्रयत्न करना। |
| हवा लगना | हवा का झोंका बदन पर पड़ना। वायु का स्पर्श होना। वात रोग से ग्रस्त होना। उन्माद होना। बुद्धि ठीक न रहना। संगत का प्रभाव पड़ना। किसी स्थान से विशेष प्रेम होना। |
| हवा सा | बिलकुल महीन या हलका। |
| हवा सै बातें करना | बहुत तेज दौड़ना या चलना। आप ही आप व्यर्थ बोलना। |
| हवा सै लड़ना | किसी से अकारण लड़ना। झगड़ा करने के लिए अवसर ढूंढना। |
| हवा हो जाना | झटपट चल देना। बहुत तेजी से भागना। न रह जाना। अभाव हो जाना। |
| (चेहरे, मुंह पर) हवाइयां उड़ना | चेहरे का रंग फीका पड़ जाना। आकृति से भय, लज्जा या उदासी प्रकट होना। मुख का विवर्ण होना। |
| हवाई उड़ना | अफवाह फैलना। मुंह फक होना। |
| हवाई उड़ाना | अफवाह फैलाना। |
| हवाई गुम होना | अकल गायब होना। सिटपिटाना। |
| हवाई छोड़ना | आतिशबाजी छोड़ना। |

| | |
|---|---|
| हवाई होना | चेहरे का रंग उड़ जाना। |
| हवाला देना | पता, निशान देना। प्रमाण के लिए (पुस्तक, पृष्ठ ा। आदि का) उल्लेख करना। |
| हवालात करना | पहरे के भीतर बंद करना। |
| (किसी के) हवाले करना | कब्जे में देना। सुपुर्द करना। (किसी को सौंपना) |
| हवाले पड़ना | वश में आ जाना। हाथ में आ जाना। चंगुल में आना। उ०- जब ह्वैहै कहा अरविंद सो आनन इंदु के आय हवाले पर्यो। पद्माकर। |
| हवास उड़ना | होश ठिकाने न रहना। |
| हवास गुम होना | होश ठिकाने न रहना। भय आदि से स्तम्भित होना। ठक रह जाना। कर्तव्य न सूझना। |
| हश्र के वादे पर देना | ऐसे आदमी को ऋण देना जिससे कभी वसूल होने की आशा न हो। |
| हश्र ढाना | आफत मचाना। |
| हश्र बरपा करना | ऊधम, उपद्रव मचाना। |
| हश्र बरपा होना | कोलाहल होना। उपद्रव मचना। |
| हश्र में उठना | मुसलमानों के विश्वासानुसार कयामत के दिन मुर्दों का जिंदा होकर उठ बैठना। |
| हसरत करना | इच्छा करना। चाहना। |
| हसरत टपकना | हसरत जाहिर होना। |
| हसरत निकलना | लालसा पूरी होना। |
| हसरत निकालना | अरमान निकालना। |
| हसरत बरसना | विषादमय की व्यंजना होना। नैराश्य प्रकट होना |
| हसरत बाकी रहना | लालसा रह जाना। अरमान पूरा न होना। |

...ना। हिम्मत न रहना।

| | |
|---|---|
| हस्ती खोना | नष्ट होना।(किसी के)नामोनिशान का न रहना। |
| हस्ती मिटना | नाश होना।बरबाद होना। |
| हस्ती मिटाना | नष्ट,बरबाद करना। |
| हस्ती होना | जीवित,विद्यमान रहना।मल्ल का का होना। |
| हल होना | अवलम्बित होना। |
| हहरकर मिलना | अत्यन्त प्रसन्नता तथा उत्सुकतापूर्वक किसी से मिलना। |
| हहा खाना | बहुत गिड़गिड़ाना।बहुत विनती करना। |
| हां करना | स्वीकार होना।सम्मत होना।ठीक मान लेना। |
| हां जी हां जी करना | खुशामद करना।चापलूसी करना।किसी की अनुचित बात भी ठीक मान लेना या बतलाना।उ०- सांकरी गली मे प्यारी हां कारी न नाकरी। |
| हां न करना | इधर उधर की बात कहकर जल्दी स्वीकार न करना।न मानना। |
| हां मे हां मिलाना | बिना विचार किये बात का समर्थन करना।प्रसन्न करने के लिए किसी के मन की बात कहना। खुशामद करना।चापलूसी करना। |
| हां हां करना | स्वीकार सूचक शब्द कहना।मान लेना। |
| हांक देना | जोर से पुकारना।सम्बोधित करना। |
| हांक मारना | जोर से पुकारना।सम्बोधित करना। |
| हांक पुकारकर कहना | डंके की चोट कहना।सबके सामने निर्भय और नि:संकोच कहना।सबको सुनाकर कहना।उ०- सुनि हांक हनुमान की। स्फुट० । |
| हांक लगाना | जोर से पुकारना।सम्बोधित करना। |
| हांगा करना | किसी के विरुद्ध बल प्रयोग करना। |
| हांगा छूटना | मठ काम न करना।साहस छूटना।हिम्मत न रहना। |

| | |
|---|---|
| हांगी भरना | हामी भरना।स्वीकार करना।मानना।अंगीकार करना।उ०- डारि डारी पुलक,प्रस्वेद दू निवारि डारी,रोकि रसना हू त्यों भरी ना कहू हांगी री।एते पै रह्यो न प्रान मोहन लट्ठ पै मट्ट,टूक टूक ह्वै कै जो कटूक भई आंगरी। पद्माकर। कोई बात विशेषत: स्वीकृत सूचक कहना। |
| हांड़ी उबलना | पकती हुई चीज का उबलना।खुशी से फूलना। इतराना। |
| हांड़ी चढ़ाना | कोई चीज पकाने के लिए हांड़ी का आग पर रक्खा जाना।उ०- हांड़ी काठ की चढ़ै न दूजी बार। |
| हांड़ी पकना | हांड़ी में पकाई जानेवाली चीज का पकना।बकवाद होना।भीतर ही भीतर कोई युक्ति खड़ी होना। कोई षड़्यंत्र रचा जाना।गप लड़ना। |
| (किसी के नाम पर)हांड़ी फोड़ना | किसी अप्रिय व्यक्ति के चले जाने पर प्रसन्नता प्रकट करना। |
| हांफा छूटना | कड़ा शारीरिक श्रम करने पर तुरन्त हांफने लगना। |
| हाजत में देना | पहरे के भीतर देना।हवालात में डालना। |
| हाजत में रखना | हवालात में रखना। |
| हाजत रफ़ा करना | हाजत पूरी करना।पाखाने जाना। |
| हाज़मा खराब होना | पाचन शक्ति का ठीक तरह से काम न करना। |
| हाज़मा बिगड़ना | अन्न न पचना। |
| हाजिर आना | उपस्थित होना। |
| हाजिर में हुज्जत नहीं | जो कुछ मौजूद है,बिना हीला-हुज्जत के हाजिर है |
| हाज़िरी देना | हाजिर होना।उपस्थिति की सूचना देना। |
| हाज़िरी बजाना | किसी बड़े आदमी के पास बराबर रहना। दरबारदारी करना। |

| | |
|---|---|
| हाज़िरी लैना | नाम पुकारकर छात्रों आदि की उपस्थिति मालूम करना, लिखना। |
| हाट करना | दुकान लगाकर बैठना। सौदा लैने के लिए बाजार जाना। |
| हाट खौलना | दुकान रखना। दुकान लगाना। |
| हाट चढ़ना | बाजार मैं बिकने के लिए जाना। उ०- पंडित हौइ सौ हाट न चढ़ा। जायसी। |
| हाट बाजार करना | सौदा लैने कै लिए बाजार जाना। |
| हाट लगना | दुकान या बाजार मैं बिक्री की चीजें रक्खी जाना। बाजार मैं दुकानें लगना। |
| हातिम की कब्र पर लात मारना | बहुत [illegible] उदारता या परोपकार [illegible] (व्यंग्य)। |
| हाथ आंखों से लगाना | बहुत आदर सम्मान करना। |
| हाथ आगे करना | किसी वस्तु कौ लैने या दैने कै लिए हाथ आगे बढ़ाना। |
| हाथ आजमाना | किसी काम कै करनै मैं अपनी कारीगरी, शक्ति आदि की आजमाइश करना। |
| हाथ आना | अधिकार या वश मैं आना। मिलना। प्राप्त होना। लाभ होना। |
| हाथ ओड़ना | हाथ फैलाना। मांगना। |
| हाथ उठा-उठाकर कोसना | शाप दैना। किसी कै अनिष्ट की ईश्वर सै प्रार्थना करना। |
| हाथ उठा-उठाकर दुवा दैना | प्रसन्नतापूर्वक आकाश की ओर हाथ उठाकर आशीर्वाद दैना। |
| हाथ उठाकर दैना | अपनी खुशी सै दैना। दान दैना। |
| हाथ उठा बैठना | किसी कौ मार बैठना। असहयोग कर दैना। किसी काम मैं सहायता दैना बंद करना। |
| हाथ उठा लैना | किसी कौ मार बैठना। असहयोग कर दैना। किसी काम मैं सहायता दैना बंद करना। |

| | |
|---|---|
| (किसी को, पर)हाथ उठाना | प्रणाम करना। किसी को मारने के लिए घूंसा तानना। मारना। |
| हाथ उतरना | हाथ की हड्डी उखड़ जाना। |
| हाथ ऊंचा करना | खर्चीला होना। किसी के लिए दुआ करना। किसी को आशीर्वाद देना। |
| हाथ ऊंचा रहना | खर्चीला होना। देने के काबिल रहना। |
| हाथ ऊंचा होना | दान देने में प्रवृत्त होना। देने लायक होना। खर्च करने के योग्य होना। सम्पन्न होना। खर्चीला होना। |
| हाथ ओछा पड़ना | हाथ की पूरी ताकत से वार न होना। |
| हाथ ओट लेना | दोनों हाथ इकट्ठे फैलाकर किसी चीज को लेना। |
| हाथ कंगन को आरसी क्या | प्रत्यक्ष बात के लिए दूसरे प्रमाण की क्या आवश्यकता है। |
| हाथ कट जाना | विवश हो जाना। कुछ करने योग्य न रह जाना। साधन या सहायक का अभाव हो जाना। प्रतिज्ञा आदि से बद्ध हो जाना। ~~होने या किसी कारण से कुछ करने योग्य न रह जाना।~~ |
| हाथ कटा देना | अपने को कुछ करने योग्य न रखना। साधन या सहायक खो देना। अपने को प्रतिज्ञा आदि से बद्ध कर देना। बंध जाना। |
| हाथ कटा लेना | विवश हो जाना। बेकाबू हो जाना। किसी को किसी काम के लिए वचन देकर बंध जाना। |
| हाथ कटाना | विवश हो जाना। बेकाबू हो जाना। किसी को किसी काम के लिए वचन देकर बंध जाना। |
| हाथ करना | हाथ चलाना। प्रहार करना। ताश आदि के खेल में बाजी जीतना। |
| हाथ कलम करना | पूरा हाथ काटना। |
| हाथ कलम होना | पूरा हाथ काटना। |

| | |
|---|---|
| हाथ का खिलौना | आमोद-प्रमोद की वस्तु। वह व्यक्ति जिससे मन बहले। प्रिय व्यक्ति। |
| हाथ का झूठा | अविश्वसनीय। धोखेबाज। |
| हाथ का दिया | दान दिया हुआ। प्रदत्त। दान। |
| हाथ का मैल | बराबर हाथ में आता जाता रहनेवाला। साधारण वस्तु। तुच्छ वस्तु। |
| हाथ का सच्चा | ईमानदार। अचूक वार करनेवाला। |
| हाथ काट देना | विवश कर देना। बेकाबू कर देना। |
| हाथ काटना | सहारा या साधन छीन लेना। |
| हाथ कानों पर रखना | (हाथ से कानों को छूकर) पनाह मांगना। किसी काम को न करना। किसी काम के कर देने से इन्कार कर देना। किसी काम के करने में अपने को बिलकुल अयोग्य दिखलाना। |
| हाथ की चिट्ठी | किसी की लिखी हुई चिट्ठी या पुर्जा। हस्तलेख। |
| हाथ की मैल | तुच्छ वस्तु। |
| हाथ की लकीर | हस्तरेखा। भाग्य। |
| हाथ की सफाई | हाथ के उद्योग, बाजीगरी आदि में हाथ की कारीगरी। लड़ाई में वार करने का अच्छा अभ्यास। |
| हाथ के नीचे आना | काबू में आना। वश में आना। ऐसी स्थिति में पड़ना कि जो बात चाहे कराई जा सके। |
| हाथ के हाथ | तुरंत। उसी समय। |
| हाथ को हाथ नज़र न आना | अंधकार होना। |
| हाथ खाना | वार की चपेट में आना। वार खाना। |
| हाथ खाली जाना | जुए आदि में दांव का न आना। वार चूकना। प्रहार न बैठना। युक्ति सफल न होना। चाल चूक जाना। |
| हाथ खाली न होना | काम में फंसा रहना। फुरसत न होना। |
| हाथ खाली होना | पास में कुछ द्रव्य न रह जाना। रुपया पैसा न रहना। |
| हाथ खिंचना | पैसा बंद होना। |
| हाथ खींचना | किसी काम से अलग हो जाना। योग न देना। खर्च देना बंद कर देना। द्रव्य देना बंद कर देना। काम करते करते थक जाना। |

| | |
|---|---|
| हाथ खुजलाना | मारने को जी करना। मिलने का आगम होना। प्राप्ति के लक्षण दिखाई पड़ना। |
| हाथ खुलना | दान में प्रवृत्ति होना। खर्च करना। हाथ का चलना। हाथ का काम देने लगना। हथछुट होना। |
| हाथ खोलना | खूब दान देना। खैरात करना। खूब खर्च करना। आजादी देना। तंगी न रहने देना। |
| हाथ गरमाना | किसी प्रकार की आर्थिक प्राप्ति होना। किसी को घूस आदि देना। हाथ में रूपया आना। हाथ में रूपया देना। कुछ इनाम देना। |
| हाथ गलना | हाथ ठिठुरना। अत्यन्त शीत से हाथ का सुन्न पड़ जाना। |
| हाथ गले में डालना | समवयस्क के प्रति प्रेम प्रकट करना। छोटे को प्यार करना। |
| हाथ घिस जाना | बहुत ही परिश्रम से कोई (हाथ का) काम बहुत देर तक करना। |
| हाथ चढ़ना | वश में होना। अधिकार में होना। लाभ होना। |
| हाथ चमकाना | औरतों की तरह हाथ उठा, हिलाकर बातें करना। औरतों का हाथ की उंगलियां टेढ़ी कर हाथ हिलाना। तलवार को म्यान से निकालकर हिलाना |
| हाथ चलना | किसी के द्वारा काम का अच्छी तरह किया जाना। मारने के लिए हाथ उठाना। किसी का मारने-पीटने का स्वभाव होना। कार्य निर्वाह में समर्थ होना। |
| हाथ चला | फुरती से दूसरे की चीज उड़ा लेनेवाला। दूसरे की वस्तु लेने में हाथ की सफाई दिखानेवाला। किसी काम में हाथ की सफाई दिखानेवाला। |
| हाथ चलाना | किसी काम को भली-भांति करना। मारना। किसी वस्तु को छूने या लेने के लिए हाथ बढ़ाना। |

| | |
|---|---|
| हाथ चाटना | सब खा जाना। सब खाकर भी तृप्त न होना। |
| हाथ चूमना | किसी की कला-निपुणता पर मुग्ध होकर उसके हाथों को प्यार करना। किसी की कारीगरी पर इतना प्रसन्न होना कि उसके हाथों को प्रेम की दृष्टि से देखना। |
| हाथ छुटा होना | बेधड़क मारने की आदत होना। |
| हाथ छूटना | मारने के लिए हाथ उठाना। मारने के लिए प्रवृत्ति होना। वैवाहिक सम्बन्ध का विच्छिन्न होना। |
| हाथ छोड़ना | मारना। प्रहार करना। वैवाहिक सम्बन्ध भंग करना। |
| हाथ जड़ना | थप्पड़ मारना। प्रहार करना। |
| हाथ जमना | अभ्यास होना। किसी पर ठीक और भरपूर थप्पड़ या वार पड़ना। वार खाली न न जाना। किसी व्यक्ति का किसी हस्तकौशल में निपुण, प्रवीण होना। |
| हाथ जमाना | तमाचा लगाना। थप्पड़ मारना। प्रहार करना। किसी हस्तकौशल में हाथ को अभ्यस्त, निपुण करना। किसी हस्तकौशल में कुशल होना। |
| हाथ जाना | हाथ का किसी स्थान पर पहुंचना। |
| हाथ जूठा करना | थोड़ा-सा खाना। |
| हाथ जूठा होना | हाथ में खाने-पीने की चीज लगी रहना। हाथ का मुंह में पड़ जाना। |
| हाथ जोड़ देना | हार मान लेना। क्षमा मांग लेना। |
| हाथ जोड़ना | प्रणाम करना। कृपा के लिए अनुनय-विनय करना। प्रार्थना करना। संसर्ग या सम्बन्ध न रखना। पीछा छुड़ाना। सम्बन्ध विच्छेद करना (व्यंग्य)। |
| हाथ झाड़ देना | खाली हाथ हो जाना। कह देना कि मेरे पास कुछ नहीं है। |

| | |
|---|---|
| हाथ झाड़कर खड़ा हो जाना | खाली हाथ दिखा देना। पास में एक पैसा न होने की बात करना। |
| हाथ झाड़कर जाना | जुए आदि में रुपया पैसा हारकर खाली हाथ जाना। |
| हाथ झाड़ना | पटाका मारना। लड़ाई में खूब शस्त्र चलाना। वार करना। प्रहार करना। खाली हाथ दिखा देना। पास में एक पैसा न रहने की बात करना। |
| हाथ झुलाते आना | कुछ भी लेकर न आना। खाली हाथ से लौटना। |
| हाथ झूठा होना | हाथ सुन्न होना। हाथ का काम करने के योग्य न रहना। वार खाली जाना। |
| हाथ झूठा पड़ना | हाथ सुन्न होना। हाथ का काम करने के योग्य न रहना। वार खाली जाना। |
| हाथ फूल जाना | हाथ टूट जाना। हाथ का इस तरह टूट जाना कि वह फूलने लगे। |
| हाथ टेकना | सहारा लेना। सहायता लेना। |
| हाथ टेकाना | प्राय: शारीरिक (हाथ का) सहारा, सहायता, अवलम्ब देना। |
| हाथ डालना | किसी काम में हाथ लगाना। योग देना। दखल देना। हस्तक्षेप करना। स्त्री को हाथ लगाना। लूटना। माल मारना। कोई काम आरम्भ करना। |
| हाथ डोलाये जाना | बराबर खाते जाना। |
| हाथ तंग होना | खर्च करने के लिए रुपया पैसा न रहना। पल्ले पैसा न होना। धनहीन होना। |
| हाथ तकना | दूसरे के देने के आसरे रहना। दूसरे के आश्रित रहना। |
| हाथ तले आना | काबू में आना। वश में आना। ऐसी स्थिति में पड़ना कि जो बात चाहे कराई जा सके। |

| | |
|---|---|
| हाथ तैयार होना | कला आदि मै हाथ का बहुत अभ्यस्त और कुशल होना। हाथ मंज जाना। |
| हाथ थिरकाना | नाचने या बोलने मै हाथ मटकाना या हिलाना। |
| हाथ दिखाना | हस्त रेखा पर विचार कराना। वैद्य को नाड़ी दिखाना। |
| हाथ दिलाना | नजर झड़वाना। |
| हाथ देखना | नाड़ी देखना। सामुद्रिक का विचार करना। |
| हाथ देना | सहारा देना। बाजी लगाना। गुप्त रूप से सौदा तै करना। दीया बुझाना। भूत-प्रेत की बाधा का विचार करना। रोकना। मना करना। रुकने के लिए इशारा करना। जुआ आदि खेल मै बाजी हारना। मारना-पीटना। |
| हाथ धरना | कोई काम करने से रोकना। किसी को सहारा देना। पाणिग्रहण करना। आशीर्वाद देना। |
| हाथ धो बैठना | खो देना। गवां देना। वंचित रहना। प्राप्ति की सम्भावना न रहना। |
| हाथ धोकर पीछे पड़ना | किसी काम मै जी जान से लग जाना। सब कुछ छोड़कर प्रवृत्त हो जाना। किसी को हानि पहुंचाने मै सब काम धंधा छोड़कर लग जाना। |
| हाथ धोना | खो देना। गवां देना। वंचित रहना। प्राप्ति की सम्भावना न रहना। |
| हाथ धो बैठना | खो देना। गवां देना। वंचित रहना। प्राप्ति की सम्भावना न रहना। |
| (पुट्ठे पर)हाथ न धरने देना | बहुत तेजी दिखाना। हाथ धरते ही उछलने,कुदने या दौड़ने लगना (घोड़े आदि के लिए)। जरा भी बातों मै न आना। थोड़ी सी भी बात मानने के लिए तैयार न होना। दृढ़ रहना। |

| | |
|---|---|
| (पुट्ठे पर)हाथ न रखने देना | बहुत तेजी दिखाना।हाथ रखते ही उछलने,कूदने या दौड़ने लगना(घोड़े के लिए)।जरा सी बातों में न आना।थोड़ी सी भी बात मानने के लिए तैयार न होना।दृढ़ रहना। |
| हाथ नचाना | नाचने या बोलने में हाथ मटकाना या हिलाना। |
| हाथ पकड़ना | कोई काम करने से रोकना।सहारा देना।आश्रय देना।रक्षक होना।पाणिग्रहण करना। |
| हाथ पकड़ते पहुंचा पकड़ना | थोड़ी सी रियायत पा जाने से ही बहुत हिल-मिल जाना।थोड़ा सा सहारा मिल जाने पर अधिक प्राप्ति का अवसर ढूंढना। |
| हाथ पकड़े की लाज करना | किसी को वचन या आश्रय देकर उसका निर्वाह करना। |
| हाथ पकड़े की लाज रखना | किसी को वचन देकर या आश्रय देकर उसका निर्वाह करना। |
| हाथ पड़ जाना | बिना परिश्रम,प्रयत्न के,यों ही किसी वस्तु का मिल जाना।चोरी हो जाना। |
| हाथ पड़ना | हाथ लगना।हाथ छू जाना।छापा पड़ना।डाका पड़ना।लूट होना।किसी के अधिकार या वश में जाना।किसी के पल्ले पड़ना।उ०- छांड़हु पाखंड मानहु बात नाहिं तो परिहौ जम के हाथ।कबीर |
| हाथ पत्थर तले दबना | कठिनाई में फंसना।संकट या कठिनाई में पड़ना।कुछ कर धर न सकना।कुछ करने की शक्ति या अवकाश न रहना।लाचार होना।विवश होना।किसी चलते हुए काम को बन्द करने के लिए विवश होना।किसी पर विपत्ति आ जाना।असहाय हो जाना। |
| हाथ की मैल | बराबर हाथ में आता जाता रहनेवाला।साधारण वस्तु।तुच्छ वस्तु। |
| हाथ पर गंगाजली रखना | किसी को गंगा की शपथ खिलाना।कसम खिलाना |

| | |
|---|---|
| हाथ पर तोता पालना | अपने हाथ के घाव,फोड़े,फुंसी को अच्छा न होने देना।अपने हाथ को जख्मी करना। |
| हाथ पर धरा रहना | किसी वस्तु का किसी के लेने के लिए हाथ पर होना,तैयार रहना। |
| हाथ पर धरा हुआ रहना | किसी वस्तु का हर वक्त पास या तैयार रहना। |
| हाथ पर नाग खेलाना | अपनी जान जोखिम में डालना।प्राण संकट में डालना। |
| हाथ पर हाथ धरकर बैठ जाना | निराश हो जाना। |
| हाथ पर हाथ धरे बैठे रहना | खाली हाथ बैठे रहना।कुछ काम धंधा न करना।निरुद्यम होना। |
| हाथ पर हाथ मारना | प्रतिज्ञा करना।किसी बात को दृढ़ करना।किसी बात को पक्का करना।बाजी लगाना। |
| हाथ पसारना | कुछ मांगना।याचना करना।भिक्षा मांगना। |
| हाथ पसारे जाना | इस संसार से खाली हाथ चले जाना। |
| हाथ पांव कहने में होना | हाथ-पांव का काम करना।हाथ पैर का काबू में रहना। |
| हाथ पांव का जवाब देना | बीमारी या वृद्धावस्था के कारण हाथ-पांव का काम न कर सकना। |
| हाथ पांव चलना | काम धंधे के लिए सामर्थ्य होना।कार्य करने की योग्यता होना।उद्योगी होना। |
| हाथ पांव चलाना | उद्योग करना।कर्मशील होना। |
| हाथ पांव जोड़ना | गिड़गिड़ाना। |
| हाथ पांव फूठे पड़ जाना | हाथ-पांव का बेकाम हो जाना।काम करने के योग्य न रह जाना। |
| हाथ पांव टूटना | अंग-भंग होना।शरीर में पीड़ा होना। |
| हाथ पांव ठंढ़े होना | मरणासन्न होना।भय या आशंका से स्तब्ध हो जाना।ठक हो जाना।मृत्यु होना।काठ मार जाना |

| | |
|---|---|
| हाथ पांव तैयार होना | व्यायाम द्वारा हाथ पांव या शरीर का पुष्ट होना। |
| हाथ पांव तोड़ना | अंग भंग करना। हाथ पांव थराना। डर के मारे कंपकपी होना। |
| हाथ पांव धुनना | हाथ पैर मे सनसनाहट होना। |
| हाथ पांव निकालना | शरीर हृष्ट पुष्ट होना। मोटा ताजा होना। सीमा का अतिक्रमण करना। नटखटी करना। छेड़छाड़ करना। अधिकार से अधिक चाहना। |
| हाथ पांव पटकना | छटपटाना। तड़फड़ाना। |
| हाथ पांव पीटना | व्यर्थ प्रयत्न करना। |
| हाथ पांव फूलना | विपत्ति से घबड़ा जाना। |
| हाथ पांव फेलाना | उन्नति करना। कार्यक्षेत्र बढ़ाना। |
| हाथ पांव बचाना | किसी कष्ट, खतरे आदि से शरीर की रक्षा करना |
| हाथ पांव मारना | तैरने मे हाथ-पैर हिलाना, चलाना। खूब कोशिश करना। कष्ट सहते हुए भी प्रयत्न करना। खूब काम करना। पीड़ा, शोक आदि से तड़फड़ाना, छटपटाना |
| हाथ पांव रह जाना | हाथ-पांव का काम न करना। हाथ-पांव का बेकार हो जाना। |
| हाथ पांव संभालना | हाथ-पांव को वश मे करना, रोकना। |
| हाथ पांव सीधे करना | सीधा लेटकर हाथ पांव को आराम देना। |
| हाथ पांव से छूटना | अच्छी तरह बच्चा पैदा होना। सहज मे कुशलपूर्वक प्रसव होना। |
| हाथ पांव हारना | साहस छोड़ना। हिम्मत हारना। निराश होना। |
| हाथ पांव हिलाना | तैरने मे हाथ-पैर हिलाना, चलाना। खब कोशिश कोशिश करना। कष्ट सहते हुए भी प्रयत्न करना। खूब काम करना। पीड़ा, शोक आदि से तड़फड़ाना, छटपटाना। |

| | |
|---|---|
| हाथ पीले करना | विवाह करना। |
| हाथ पीले पड़ना | किसी प्रकार विवाह कर देना। विवाह करना। |
| हाथ फेंकना | हाथ चलाना। वार करना। हथियार चलाना। जुए आदि के खेल में अपनी पारी पर कौड़ी, पासा आदि फेंकना। |
| हाथ फेर देना | किसी वस्तु को चुरा, उड़ा लेना। |
| हाथ फेरना | प्यार करना। स्पर्श करना। |
| हाथ फैलाना | कुछ मांगना। याचना करना। |
| हाथ बंटाना | सहयोग देना। सम्मिलित होना। सहायता करना। |
| हाथ बंद होना | खर्च करने के लिए रूपया पैसा न रहना। निर्धन होना। |
| हाथ बचाना | आक्रमण रोकना। वार बचाना। |
| हाथ बढ़ाना | हाथ फैलाना। हद से बाहर जाना। अतिक्रमण करना। अपने अधिकार, अपनी सीमा से अधिक मांगना, जाना। |
| हाथ बांधे खड़ा रहना | सेवा में बराबर उपस्थित रहना। हाथ जोड़े खड़ा रहना। |
| हाथ बांधे रहना | सेवा में बराबर उपस्थित रहना। हाथ जोड़े खड़ा रहना। |
| (किसी के) हाथ बिकाना | किसी को मोल दिया जाना। किसी का क्रीत दास होना। किसी के बिलकुल अधीन होना। विवश हो, किसी के कहने के अनुसार काम करना। |
| हाथ बेचना | किसी को मूल्य लेकर कुछ देना। |
| हाथ बैठना | अभ्यास होना। किसी पर ठीक और भरपूर वार या थप्पड़ पड़ना। वार खाली न जाना। |
| हाथ भर आना | काम करते करते हाथ थक जाना। |

| | |
|---|---|
| हाथ भर का कलेजा होना | बहुत खुशी होना। आनन्द से फूलना। उत्साह होना साहस बंधना। |
| हाथ भर की जबान होना | कटुभाषी होना। खाद्य पदार्थों का लालची होना। |
| हाथ भरना | हाथ में रंग या महावर लगाना। हाथ थकाना। काम करते करते हाथ की नाड़ियों में रक्त अधिक मात्रा में भर जाना। |
| हाथ भेजना | किसी के द्वारा कोई चीज भेजना। |
| हाथ मंजना | अभ्यास होना। |
| हाथ मरोड़ना | हाथ मलना। पछताना। उ०-(क) अब पछताव दरब जस जोरी। करहु स्वर्ग पर हाथ मरोरी। जायसी। (ख) पुरूष पुरातन छाड़ि कर चली आन कै साथ। लोभी संगत बीछुड़ी खड़ी मोरइ हाथ। दादू। |
| हाथ मलना | पछताना। उ०- बार बार करतल कहं मलि कै। निज कर पीठ रदन सों दलि कै। गोपाल। मूल चूक का बुरा परिणाम होने पर अत्यन्त पश्चाताप करना। निराश और दुखी होना। क्रोध प्रकट करना। उ०- चलो सुकर्मा वीर मलो अंबर तन धारे। मलो करहि भरि क्रोध क हलोरन नद बहु बारे। गोपाल |
| हाथ मांजना | अभ्यास करना। |
| हाथ मारकर भागना | दौड़ने और पकड़ने का खेल खेलना। |
| हाथ मारना | बात पक्की करना। दृढ़ प्रतिज्ञा करना। बाजी लगाना। उड़ा लेना। गायब कर लेना। बेईमानी से ले लेना। खूब खाना। बड़े-बड़े कौर मुंह में डालना। दांव जीतना। कुशलतापूर्वक किसी पर हथियार का वार करना। |
| हाथ मिलाना | भेंट होने पर प्रेमपूर्वक एक दूसरे का हाथ पकड़ना। लड़ना। पंजा लड़ाना। सौदा पटाकर लेना। सम्पर्क या सम्बन्ध स्थापित करना। कुश्ती लड़ने के पूर्व लड़नेवाले से हाथ मिलाना। |

| | |
|---|---|
| हाथ मींजना | बहुत पछताना। निराश और दुखी होना। उ०- मीड़त हाथ, सीस धुनि ढोरत, रूदन करत नृप पारथ। सूर । |
| हाथ मुंह पर रख देना | बोलने न देना। |
| हाथ मे आना | अधिकार मे आना। वश मे आना। मिलना। |
| हाथ मे करना | वश मे करना। अधिकार मे करना। प्राप्त करना। मोहित करना। लुभाना। प्रेम मे फंसाना। |
| हाथ मे गुन होना | किसी कला मे निपुणता होना। |
| हाथ मे ठीकरा लेना | भिक्षावृत्ति का अवलम्बन करना। भीख मांगना। |
| हाथ मे जाना | किसी के अधिकार में जाना। किसी के पास पहुंचना। |
| हाथ मे ठीकरा देना | किसी की आर्थिक स्थिति खराब कर उसे गरीब, भीखारी बनाना। |
| हाथ मे पड़ना | अधिकार मे आना। वश मे जाना। उ०- छांड़हु पाखंड मानहु बात नाहिं तो परिहो जम के हाथ। कबीर । |
| हाथ मे रखना | बलात् या प्रेमपूर्वक किसी को वश मे करना। अधिकार करना। |
| हाथ मे लाना | बलात् या प्रेमपूर्वक किसी को वश मे करना। अधिकार करना। |
| हाथ मे लेना | करने का भार ऊपर लेना। जिम्मे लेना। अधिकार क मे करना । |
| हाथ मे सनीचर आना | बहुत गरीब हो जाना। |
| हाथ मे हाथ डालना | हाथ पकड़ना। |
| हाथ मे हाथ देना | पाणिग्रहण करवाना। व्याह देना। |
| हाथ मे हाथ होना | साथ साथ होना। किसी के संरक्षण, सरपरस्ती मे होना। |

| | |
|---|---|
| हाथ मे हुनर होना | किसी कला मे निपुणता होना। हाथ की कारीगरी मे निपुण होना। |
| हाथ मे होना | अधिकार मे होना। पास मे होना। वश मे होना। अधीन होना। उ०- हानि लाभ जीवन मरन जस अपजस विधि हाथ। तुलसी । |
| हाथ रंगना | हाथ मे मेहदी लगाना। किसी बुरे काम मे पड़कर अपने को कलंकित करना। घूस लेना। अनुचित रूप से लाभ या प्राप्ति करना। |
| (किसी के सिर पर) हाथ रखना | किसी की रक्षा का भार लेना। शरण या आश्रय मे लेना। |
| हाथ रखना | बेवकूफ बनाना। शपथ खाना। |
| हाथ रह जाना | काम करते-करते हाथ थक जाना। |
| हाथ रोकना | कोई काम न करने देना। कुछ करते समय हाथ थाम लेना। कुछ करने से मना करना। किसी काम का करना बन्द कर देना। किसी काम से अलग हो जाना। मारने के लिए हाथ उठाकर रह जाना। खर्च करते समय आगा-पीछा सोचना। सम्भालकर खर्च करना। |
| हाथ रोपना | हाथ फैलाना। मांगना। |
| हाथ लगना | हाथ मे आना। प्राप्त होना। अधिकार मे आना। गणित करते समय वह संख्या जो अन्तिम संख्या लेने पर बच रहती है। किसी काम का आरम्भ होना या शुरू किया जाना। किसी के द्वारा कोई काम किया जाना। किसी का लगाव होना। छू जाना। स्पर्श होना। |
| हाथ लगाना | कोई काम आरम्भ करना। कोई काम करने मे प्रवृत्त होना। योग देना। किसी चीज को छूना, स्पर्श करना। |
| हाथ लगाये कुम्हलाना | अत्यन्त कोमल होना। |

| | |
|---|---|
| हाथ लगे मैला होना | किसी वस्तु का इतना स्वच्छ और चमकदार होना कि हाथ के छूने से मैला हो जाय। |
| हाथ लपकाना | हाथ बढ़ाना। |
| हाथ समेटना | किसी काम से हट जाना, उसमें सहयोग न करना। द्रव्य देना बंद करना। आर्थिक सहायता रोकना। |
| हाथ साधना | अभ्यास करना। |
| (किसी पर) हाथ साफ करना | किसी को मार डालना। बेईमानी से ले लेना। अन्याय से हरण करना। उड़ा लेना। खूब खाना। |
| हाथ सिर पर रखकर रोना | बहुत पछताना। परेशान होना। |
| हाथ सिर पर रखना | किस सिर की कसम खाना। |
| हाथ से काम निकलना | किसी के जरिये कोई काम होना। किसी काम का अनुभव होना। |
| हाथ से | द्वारा। मारफत। |
| हाथ से काम निकालना | किसी से कोई काम कराना। किसी को किसी क काम का अनुभव कराना। |
| हाथ से खोना | मिलती हुई वस्तु न लेना। किसी चीज का हाथ से निकल जाना। |
| हाथ से जाना | अधिकार में न रहना। वश में न रह जाना। हाथ से छूट जाना, गिर जाना। |
| हाथ से निकलना | अधिकार में न रहना। वश में न रहना। हाथ से छूट या गिर जाना। |
| हाथ से दिल जाना | किसी पर मुग्ध होना। |
| हाथ से दिल फिसलना | किसी पर मुग्ध होना। |
| हाथ से रख देना | हाथ पर ली हुई कोई वस्तु जमीन पर रख देना। |
| हाथ हिलाते आना | खाली हाथों आना। कुछ प्राप्त करके न आना। बिना कार्य सिद्ध हुए लौट आना। |

| | |
|---|---|
| हाथ हिलाते आना | खाली हाथों लौट आना। बिना कार्य सिद्ध हुए लौट आना। कुछ भी लेकर न आना। |
| हाथ हिलाये जाना | बराबर खाते जाना। |
| हाथ होना | वश होना। |
| हाथी की राह | आकाश गंगा। |
| हाथी के साथ गन्ने खाना | किसी काम में ऐसे आदमी की बराबरी करने का प्रयत्न करना जिसकी बराबरी की ही न जा कसती हो |
| हाथी पर चढ़ना | बहुत अमीर होना। बहुत बड़ा सम्मान प्राप्त करना। |
| हाथी पर बढ़ाना | बहुत सम्मान देना, करना। |
| हाथी बांधना | बहुत अमीर होना। |
| हाथी सा होना | बहुत मोटा होना। अत्यन्त स्थूलकाय होना। |
| हाथों उचकना | मनुष्य या पशु का बहुत उछलना। |
| हाथों उछलना | खूब तड़पना। खूब कूदना। |
| हाथों कलेजा उछलना | बहुत जी धड़कना। बहुत खुशी होना। अत्यन्त उत्साहित होना। |
| हाथों के तोते उड़ जाना | अचानक कोई दुर्घटना या अनिष्ट हो जाने पर भौचक्का या सन्न हो जाना। भारी अनिष्ट के कारण बहुत घबरा जाना। सिटपिटा जाना। |
| हाथों दिल बढ़ाना | बहुत हौसला, साहस बढ़ाना। |
| हाथों में चांद आना | पुत्र उत्पन्न होना। मन चाही वस्तु मिलना। |
| हाथों में रखना | बड़ लाड़ प्यार या आदर सम्मान से रखना। |
| (दोनों)हाथों समेटना | खूब धन एकत्र करना। |
| हाथों हाथ | एक हाथ से दूसरे हाथ में। तुरन्त। शीघ्र। |
| हाथों हाथ उठाकर ले जाना | ऊपर ही ऊपर ले जाना। |

| | |
|---|---|
| हाथों हाथ उड़ जाना | खूब बिक्री होना।अत्यधिक मांग होना।तुरन्त बिक जाना। |
| हाथों हाथ बिक जाना | खूब बिक्री होना।बड़ी गहरी मांग होना।तुरन्त बिक जाना। |
| हाथों हाथ लेना | बड़े आदर और सम्मान से स्वागत करना। |
| हानि उठाना | नुकसान सहना।घाटा सहना। |
| हानि पहुंचना | नुकसान होना। |
| हानि पहुंचाना | नुकसान होना। |
| हामी भरना | किसी बात के उत्तर में हां कहना।स्वीकार करना। किसी काम को करने की स्वीकृति देना। |
| हाय करके रह जाना | विवश होकर शारीरिक या मानसिक पीड़ा सह लेना। |
| हाय पड़ना | किसी के हाय करने का बुरा फल मिलना। |
| हाय मारना | शोक से हाय हाय करना।कराहना।दहल जाना। स्तम्भित हो जाना। |
| हाय हाय करना | परेशान होना।व्यस्त रहना। |
| हाय हाय पड़ना | घबडाहट की स्थिति में होना।घबड़ाना। |
| हाय होना | किसी के सुख,वैभव आदि को देखकर पीड़ा होना। डाह करना। |
| हार खाना | हार जाना।पराजित होना। |
| हार देना | पराजित करना।हराना। |
| हारकर | असमर्थ होकर।लाचार होकर। |
| हारकर रह जाना | थककर चुप बैठ जाना। |
| हारे दर्जे | ~~सब उपायों से निराश होकर और कुछ बस न चलने पर।~~ लाचार होकर। विवश होकर। ~~ईश्वर प्रेमपरक~~ |
| हाल | ~~रचना या गीत सुनकर सुधबुध खो देना,आनन्द विह्वल हो जाना।~~ |

| | |
|---|---|
| हाल का | थोड़े दिनों का। नया। ताजा। कुछ ही दिन पहले का। |
| हाल की महफिल | वह समारोह जिसमें हाल लानेवाली चीजें गायी जायें। |
| हाल गैर होना | दशा बिगड़ना। |
| हाल तबाह होना | बुरा हाल होना। |
| हाल में | थोड़े दिन पहले। |
| हाल लाना | आत्मविस्मृति,आनन्दविह्वलता उत्पन्न करना। |
| हाशिया चढ़ाना | किसी बात में मनोरंजन आदि के लिए कुछ और बात जोड़ना। नमक मिर्च लगाना। किसी विवरण में अपनी ओर से कुछ और जोड़ना। गोट टांकना या टीका लिखना। |
| हाशिये का गवाह | वह गवाह जो किसी दस्तावेज के हाशिये पर अपना नाम लिखे या सही बनाये। |
| हासिल आना | (गणित) आगे जोड़ या लिखे जाने के लिए बच रहना,हाथ लगना। |
| हासिल करना | प्राप्त करना। लाभ करना। पाना। कमाना। पैदा करना। |
| हासिल होना | प्राप्त होना। मिलना। लाभ होना। हाथ लगना। |
| हाहा करना | गिड़गिड़ाना। बहुत विनती करना। दुहाई देना। उ0- हाहा के हारि रहे मोहन पायं परे जिन्हे लातनि मारे। केशव। (ख) हा हा कहि सब लोग पुकारा। । रामायण । |
| हाहा खाना | बहुत गिड़गिड़ाना। अत्यन्त दीनता और नम्रता से पुकारना। बहुत विनती करना। उ0- सांटी लै जसुमति त्रसति तरजति हरि बसि हाहा खात। सूर । |
| हाहा मचना | खूब हंसी होना। |
| हाहा होना | खूब हंसी होना। |

| | |
|---|---|
| हाहा-हीही करना | हंसी-ठट्ठा करना। |
| हाहा-हीही मचाना | हंसी-मजाक होना। |
| हाहा-हीही होना | हंसी-मजाक होना। |
| हाही पड़ना | किसी वस्तु की प्राप्ति के लिए अत्यन्त व्यग्र होना। |
| हिचकियां लगना | मरणासन्न अवस्था होना। मरने के निकट होना। मरने के समय बार-बार हिचकियां आना। |
| हिचकियां लेना | रोते समय सांस का रुक-रुक कर निकलना। |
| हिक्की बंध जाना | ज्यादा रोने से सांस रुकने लगना। |
| हिक्की लगना | ज्यादा रोने से सांस रुकने लगना। |
| हिजाब उठना | परद, रोक न रहना। निर्लज्ज हो जाना। |
| हिज्जे करना | अक्षरों को जोड़ना। किसी मामले में व्यर्थ की बकवास करना। टुकड़े-टुकड़े करना। आपत्ति करना। |
| हिज्जे पकड़ना | त्रुटि निकालना। |
| हिन्दी की चिन्दी निकालना | बहुत सूक्ष्म, पर व्यर्थ के या तुच्छ दोष निकालना। कुतर्क करना। |
| हिला भर | जरा सा। थोड़ा सा। |
| हिम्मत पड़ना | साहस होना। |
| हिम्मत हारना | पस्त हो जाना। किसी काम के करने में साहस का न रह जाना। |
| हिय जलना | अत्यन्त क्रोध या ईर्ष्या होना। उ०- क्रूर कुठार निहारि तजै फल ताकि यहै जो हियो जरई। केशव। |
| हिये में लोन सा लगना (भई) | बहुत बुरा लगना। अत्यन्त अरुचिकर होना। उ०-सुनत रुचि भइ रानी, हिये लोनु अस लाग। जायसी। हृदय पर लोन लगने की तरह मन में बहुत पीड़ा होना। |
| हिया हारना | हिम्मत छोड़ना। साहस न रखना। उ०- तेहि कारन आवत हिय हारे। कामी काक बलाक बेचारे। तुलसी। |
| (मानसिक) | शारीरिक या मानसिक दृष्टि से थक जाना। |

| | |
|---|---|
| हिया ठंढा होना | मन मै सुख शांति होना। मन तृप्त और आनन्दित होना। हृदय शांत होना। |
| हिया फटना | कलेजा फटना। अत्यन्त शोक या दु:ख के अतिरेक का अनुभव होना। |
| हिया भर आना | कलेजा भर आना। शोक या दु:ख का हृदय मै अत्यन्त वेग होना। करुणार्द्र होना। |
| हिया भर लेना | शोक, दु:ख आदि के कारण लम्बी सांस लेना। शोक, दु:ख, पीड़ा आदि की अभिव्यक्ति करना। |
| हिया शीतल होना | मन मै सुख शांति होना। मन तृप्त और आनन्दित होना। |
| हियाव खुलना | दृढ़ता आना। साहस होना। हिम्मत बंधना। संकोच, हिचक या भय न रहना। |
| हियाव पड़ना | हिम्मत पड़ना। |
| हियै का अंधा | अज्ञानी। मूर्ख। |
| हियै की फूटना | ज्ञान न रहना। अज्ञान रहना। बुद्धि नष्ट होना। सत्-असत्र का विवेक न रहना। |
| हियै पर पत्थर धरना | धैर्य धारण कर लेना। |
| हियै मै लौन सा लगना | बहुत दुःख होना ~~कटे पर लौन लगाने की तरह मन मै बहुत पीड़ा होना।~~ |
| हियै लगना | गले से लगना। छाती से लगना। आलिंगन करना। उ०- क्यों हठि मान गहै सजनी उठि वेगि गोपाल हिये हियै किन लागै। शंकर। भेटना। |
| हिरन हो जाना | भाग जाना। बहुत तेजी से भागना। नष्ट हो जाना। न रह जाना। चंपत हो जाना। लुप्त हो जाना। |
| हिर्स फूटना | लालच होना। |
| हिर्स दिलाना | प्रबल इच्छा उत्पन्न करना। लालसा जगाना। कामना उत्तेजित करना। लालच दिलाना। |
| हिर्स मिटना | इच्छा का वेग शांत होना। काम का वेग शांत होना। |

| | |
|---|---|
| हिर्स मिटाना | इच्छा पूरी करना। लालसा पूरी करना। काम का वेग शांत करना। |
| हिल जाना | परच जाना। |
| किल-मिलकर | मेल-जोल के साथ। घनिष्ठता और मैत्री के साथ। एक जी होकर। सम्मिलित होकर। एकत्र होकर। उ०- हिल मिल फाग परस्पर खेलहिं, सोभा बरनि न जाई। । गीत । |
| हिलकोरा लेना | पानी के धक्के से हिलाना। तरंगित करना। |
| हिलकोरा लेना | तरंगित होना। |
| हिलना-डोलना | चलायमान होना। चलना-फिरना। घूमना। टहलना। श्रम करना। काम धंधा करना। प्रयत्न करना। चंचल होना। |
| हिलना-मिलना | घुलना-मिलना। एक हो जाना। भेंट-मुलाकात करते रहना। |
| हिला-जुला | मेल-जोल में आया हुआ। घनिष्ठ सम्बन्ध रखता हुआ। सुहृद भाव रखता हुआ। परचा हुआ। परिचित और अनुरक्त। |
| हिला-मिला | मेल-जोल में आया हुआ। घनिष्ठ सम्बन्ध रखता हुआ। सुहृद भाव रखता हुआ। परचा हुआ। परिचित और अनुरक्त। |
| हिलोरा लेना | लहराना। तरंगित होना। |
| हिलकोरा देना | |
| हिवांर पड़ना | बर्फ गिरना। बहुत सर्दी पड़ना। |
| हिवांर होना | बहुत शीतल होना। |
| हिसाब करना | देना पावना समझना। जोड़ना। |
| हिसाब किताब देखना | लेखा जांचना। |
| हिसाब चलना | लेन-देन का लेखा रहना। उधार लिखा जाना। |

... या सुमीता होना।



| | |
|---|---|
| हिसाब चुकता करना | देना चुका देना। |
| हिसाब चुकाना | देना चुका देना।उ०- हिसाबे दोस्तां दर दिल अगर वह दिलरुबा समझे। जौक । |
| हिसाब जांचना | लेखा देखना कि ठीक है या नहीं। |
| हिसाब जोड़ना | अलग अलग रकमों का मि मीजान लगाना।कई अलग अलग अंकों का योगफल निकालना। |
| हिसाब तलब करना | हिसाब मांगना।हिसाब समझाने को कहना। |
| हिसाब देना | लेखा समझाना।जमा खर्च का ब्योरा बताना। |
| हिसाब न होना | बे हिसाब होना।गिनती न होना। |
| हिसाब पर चढ़ना | बही में लिखा जाना।लेखे में टंकना। |
| हिसाब पाक करना | देना चुका देना। |
| हिसाब पूछना | हिसाब मांगना। |
| हिसाब मांगना | लेखा आगे न चलाना।लेन- देन बंद करना। |
| हिसाब बराबर करना | कुछ दे-लेकर लेना-देना बराबर करना। लेन-देन का हिसाब साफ करना।अपना काम पूरा करना। |
| हिसाब बेबाक करना | खाते में कुछ बाकी न रह जाना।जो कुछ जिम्मे निकलता हो उसे दे देना। |
| हिसाब बैठना | छ ठीक ठीक जैसा चाहिए वैसा प्रबन्ध हो जाना। इच्छानुसार सब बातों की व्यवस्था होना।सुभीता होना।सुपास होना।आवश्यकता पूरी होना।पटरी बैठना।मेल मिलना।प्रकृति की समानता होना। |
| हिसाब में जमा होना | पाई हुई रकम का लिखा जाना।लेन-देन के लेखे में पावने से ऊपर आई हुई रकम का अलग लिखा जाना |
| हिसाब में लगाना | उधार या लेन-देन में लगाना शामिल करना। |
| हिसाब रखना | आय-व्यय आदि का लेखबद्ध विवरण रखना। |
| हिसाब लगना | मेल मिलना।तबीयत लगना। |

विचार से

| | |
|---|---|
| हिसाब लड़ना | लेखा ठीक उतरना। किसी बात का सुभीता होना। मेल मिलना। तबीयत लगना। |
| हिसाब लेना | यह पूछना कि कितनी रकम कहां से आई और खर्च हुई। |
| हिसाब समझना | आमदनी और खर्च का ब्योरा पूछना। |
| हिसाब समझाना | आमदनी और खर्च का वह ब्योरा बताना। |
| हिसाब साफ करना | हिसाब चुकता करना। |
| हिसाब से | अन्दाज से। संयम से। परिमित। लेखे के अनुसार। लिखे हुए ब्योरे के मुताबिक। परिमाण, क्रम या गति के अनुसार। विचार से। अपेक्षा से। |
| हिसाब से चलना | नाप-तौलकर काम करना। किफायत से खर्च करना। |
| हिसार करना | घेरा डालना। |
| हिसार बांधना | घेरा डालना। चारों ओर सैनिकों की पांत या दूसरी रोक खड़ी कर देना। |
| हिस्सा रसद | बंटने पर अपने-अपने हिस्से के अनुसार लाभ। बिना पकाया कच्चा अनाज। |
| हिस्सा हिस्सा होना | बंटवारा होना। जायदाद का हिस्सेदारों में बंट जाना। |
| हिस्सा लेना | भाग लेना। |
| हिस्से करना | बांटना। |
| हिस्से में आना | बांट में पड़ना। बटवारे से मिलना। |
| हीक मारना | बसाना। रह रह कर दुर्गन्ध करना। |
| हीरा खाना | ईर्ष्या से जान देना। आत्म हत्या करने के विचार से हीरे का कण खा लेना। |
| हीरा चाटना | हीरा चाटकर मर जाना। |